पेज थ्री देहरादून

दून में आप कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए कर्नल अजय कोठियाल।

देहरादून, मंगलवार, 5 अक्टूबर 2021 पेज 8




# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने श्रीमती सूरज कुँवर शाह के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को पूर्व सांसद टिहरी गढ़वाल स्व. महाराजा मानवेंद्र शाह की पत्नी सूरज कुँवर शाह के अंतिम संस्कार में सम्मिलित होने मुनिकीरेती घाट, ऋषिकेश, टिहरी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने श्रीमती सूरज कुँवर शाह के अंतिम दर्शन कर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों से भेंट कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत , कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, सांसद तीरथ सिंह रावत , पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत , विधायक खजान दास सहित अन्य महानुभावों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सीएम सौर स्वरोजगार योजना में ऋण धारकों को 6 माह के ब्याज प्रतिपूर्ति का शासनादेश जारी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के ऋण खाता धारकों को 06 माह हेतु ब्याज प्रतिपूर्ति सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। इसका शासनादेश जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने इसकी घोषणा की थी। यह ब्याज प्रतिपूर्ति सहायता, अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से आगामी 06 माह की अवधि के लिये मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत वर्तमान ऋण प्राप्त खाताधारकों और इंगित अवधि में ऋण प्राप्त करने वाले खाताधारकों को अनुमन्य होगी।

### एक्सॉनमोबिल ने अपनी सिंथेटिक इंजन ऑयल रेंज का किया विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने आज इंजन ऑयल्स की अपनी अपग्रेडेड मोबिल सुपर मोटो रेंज को लॉन्च करने की घोषणा की। इससे लोगों के लिए अपने टू व्हीलर्स का बेहतरीन स्थिति में रखरखाव आसान हो जाएगा। यह लॉन्च ऐसे समय में की गई है, जब लोग कोविड–19 महामारी के प्रभावों का लगातार अनुभव कर रहे हैं। इससे मूल्य और सहूलियत की जरूरत बढ़ गई है।

### ओप्पो ने भारत में नया ए55 किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। प्रमुख ग्लोबल स्मार्ट डिवाइसेज ब्रांड, ओप्पो ने भारत में ओप्पो ए 55 को लॉन्च करने की घोषणा की है। बेमिसाल टू 50 एमपी के एआई ट्रिपल कैमरे और 3डी कर्व्ड वाली खूबसूरत डिजाइन के साथ ओप्पो ए 55 का लुक काफी शानदार है। इसमें एक पावरफुल कैमरा सेटअप भी है।ओप्पो ए 55 दो वैरिएंट्स में आएंगे। 4 प्लस 64 जीबी वैरिएंट का यह स्मार्टफोन 3 अक्टूबर से 15,490 रुपये में उपलब्ध होगा।

# किसानों के ऊपर गाड़ी चलाने को लेकर उत्तराखंड में भी आक्रोश

**आक्रोश**

■ लखीमपुर खीरी की घटना के विरोध में हरीश रावत समेत 40 कार्यकर्ताओं ने दी गिरफ्तारी

**संवाददाता**

देहरादून। लखीमपुर खीरी में किसानों के ऊपर गाड़ी चलाने को लेकर उत्तराखंड में भी आक्रोश है। नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने कहा, किसानों के ऊपर जीप चढ़ाकर कुचलने की घटना बेहद दुर्भाग्य पूर्ण है। इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के समेत 40 कांग्रेस कार्यकताओं ने अपनी गिरफ्तारी दी है।

नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार बदले की भावना से कार्य कर रही है। किसानों पर काला कानून थोपने की कोशिश हो रही है, जिसके लिए किसान लंबे समय से आंदोलनरत है। रविवार को लखीमपुर खीरी में हुई घटना शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने कहा, कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है और उनके ऊपर जुर्म नहीं होने देगी। उन्होंने ये कांग्रेस इस तरह की घटना की निंदा करती है और किसानों का दमन नही होने देगी।



**हरिद्वार में कांग्रेस विधायक और कार्यकर्ताओं का प्रदर्शनः** लखीमपुर खीरी में हुई घटना के विरोध में कांग्रेस विधायक काजी निजामुद्दीन, फुरकान अहमद और ममता राकेश के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता और समर्थक रोशनाबाद पहुंचे। काली पट्टी बांधकर कार्यकर्ता एसएसपी कार्यालय के बाहर धरना देकर बैठ गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ योगेंद्र सिंह रावत कांग्रेसी विधायक और कार्यकर्ताओं से बात कर रहे हैं। वहीं, शहर कांग्रेस कमेटी की तरफ से देवपुरा चौक के पास उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला फूंक कर प्रदर्शन किया गया है।

**डोबरा-चांठी पुल के बाहर कांग्रेस का प्रदर्शनः** टिहरी में डोबरा–चांठी पुल के समीप झील थाने के बाहर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने केंद्र और राज्य सरकार का पुतला फूंका। लखीमपुर खीरी में हुई घटना के विरोध में उन्होंने धरना भी दिया। किशोर उपाध्याय ने कहा कि जब प्रियंका गांधी किसानों के दुख में शरीक होने लखीमपुर खीरी जा रही थी तो उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### डा. शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति और श्रीदेव सुमन राज्य मेधावी छात्रवृत्ति में बढोतरी का शासनादेश जारी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के क्रम में डॉ. शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति और श्रीदेव सुमन राज्य मेधावी छात्रवृत्ति में बढोतरी का शासनादेश जारी कर दिया गया है। अब डॉ. शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति रूपए 250 प्रतिमाह से बढ़ाकर रूपए 1500 प्रति माह कर दिया गया है। साथ ही यह छात्रवृत्ति 11 बच्चों की बजाय 100 बच्चों को प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार श्रीदेव सुमन राज्य मेधावी छात्रवृत्ति में भी वृद्धि करते हुए इसे रूपए 150 प्रति माह से बढ़ाकर रूपए 1000 प्रतिमाह कर दिया गया है। श्री देव सुमन राज्य मेधावी छात्रवृत्ति योजना में प्रत्येक विकास खंड से 5 छात्र–छात्राओं का चयन कर राज्य भर से प्रतिवर्ष 475 छात्र–छात्राओं को इस छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाएगा। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ये घोषणाएं की थीं।

# श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो

**निर्देश**

■ सीएम ने चारधाम यात्रा की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित कैम्प कार्यालय में चारधाम यात्रा की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाय प्रदेश में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को हर संभव सुविधा दी जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालु एवं पर्यटक देवभूमि उत्तराखण्ड से अच्छा संदेश लेकर जाएं, यह सबकी जिम्मेदारी है। श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के प्रति किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में यदि एक भी यात्री को परेशानी होगी तो प्रदेश का मुख्य सेवक होने के नाते मुझे परेशानी होगी।



मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े रूद्रप्रयाग, चमोली एवं उत्तरकाशी के जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाय कि चारधाम यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं अच्छी हों। गाईडलाइन के अनुसार श्रद्धालु दर्शन कर सकें। पर्यटक स्थलों पर जाने वाले यात्रियों को भी कोई परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि चारधाम यात्रा के लिए पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के बाद जिन लोगों को परमिशन मिली है, वही लोग उत्तराखण्ड के चार धाम यात्रा के लिए आयें।

बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु, डीजीपी अशोक कुमार, मुख्यमंत्री के अपर प्रमुख सचिव श्री अभिनव कुमार, सचिव श्री दिलीप जावलकर, गढ़वाल कमिश्नर रविनाथ रमन, डीआईजी गढ़वाल श्रीमती नीरू गर्ग, अपर सचिव युगल किशोर पंत उपस्थित थे।

### जमानत पर रिहा यूकेडी नेताओं का फूल मालाओं से स्वागत

**संवाददाता** देहरादून। पुलिस ग्रेड पे कटौती को लेकर पुलिस परिजनों के आंदोलन के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर रहे उत्तराखंड क्रांति दल के नेताओं को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। कोर्ट के बाहर मौजूद उनके दर्जनों समर्थकों ने तीनों नेताओं का फूल मालाओं से जमकर स्वागत किया। कोर्ट परिसर से उनके समर्थक तीनों नेताओं को कचहरी परिसर में स्थित शहीद स्थल पर ले गए, जहां पर सभी यूकेडी कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड के लिए इस संघर्ष को जारी रखने का संकल्प लिया। बीती रात उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता शिवप्रसाद सेमवाल, शांति भट्ट, और नरेश नौटियाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। तीनों नेताओं को गिरफ्तार करके रात भर कोतवाली में बंद रखने के बाद पुलिस ने उन्हें सुबह 11 बजे सिटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। जहां पर तीनों नेताओं को जमानत दे दी गई। यूकेडी नेता सेमवाल ने कहा कि 4600 से नीचे का ग्रेड पे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगे।


In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+











Scan This Code

Read News

Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ.–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।